Ans. (c) : जाखमपुर सिंचाई परियोजना राजस्थान के उदयपुर, चित्तौड़गढ, प्रतापगढ़ जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करती है। यह परियोजना 1962 में प्रारम्भ हुई और 1997-98 में पूर्ण हुई। यह परियोजना चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ मार्ग पर अनुपपुरा गांव में बनी हुई है।

102. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को माउंट आबू का राजस्थान के साथ एकीकरण का श्रेय दिया जाता है?

(a) कुंवर सिंह (b) हीरालाल शास्त्री
(c) गोकुलभाई भट्ट (d) भीम सिंह

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : माउंट आबू का राजस्थान के साथ एकीकरण का श्रेय कांग्रेसी नेता गोकुलभाई को दिया जाता है जो सिरोही के रहने वाले थे। राजस्थान में रियासतों के विलय के दौरान सरदार पटेल ने माउंट आबू को गुजरात का हिस्सा घोषित किया था। सरदार पटेल के निधन के बाद जब राज्य पुनर्गठन आयोग बना तो अजमेर-मेरवाड़ा, आबू-देनवाड़ा, सिरोज क्षेत्र राजस्थान का हिस्सा बनें।

103. कितने भारतीय राज्य राजस्थान के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं?

(a) 10 (b) 7
(c) 5 (d) 12

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : 5 भारतीय राज्य राजस्थान के साथ अपनी सीमा साझा करते हैं। यह उत्तर में पंजाब, उत्तर-पूर्व में हरियाणा, पूर्व में उत्तर प्रदेश, दक्षिण-पूर्व में मध्यप्रदेश एवं दक्षिण में गुजरात के साथ अन्तर्राज्यीय सीमाएँ बनाता है। राजस्थान से सबसे लम्बी और सबसे छोटी अन्तर्राज्यीय सीमा क्रमशः मध्यप्रदेश (1600 किमी.) और पंजाब (89 किमी.) की है।

104. निम्नलिखित में से किन जिलों का क्षेत्र 'भोमट' कहलाता है?

(a) डूंगरपुर, उदयपुर और सिरोही
(b) अजमेर, बीकानेर और चूरू
(c) सीकर, चूरू और बाड़मेर
(d) बाड़मेर, जालौर और सीकर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : डूंगरपुर, उदयपुर और सिरोही जिलों का क्षेत्र 'भोमट' क्षेत्र कहलाता है। भोमट राजस्थान का एक पहाड़ी इलाका है। यह भील बाहुल्य क्षेत्र है। भोमट क्षेत्र ही मुगलकाल के दौरान मेवाड़ शासकों की शरण स्थली रहा। भोमट क्षेत्र में भोमट का भील आंदोलन प्रमुख रहा।

105. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(a) पश्चिमी रेतीला मैदान टेथिस महासागर का अवशेष है।
(b) अरावली सबसे पुरानी श्रृंखला है।
(c) दक्षिणी-पूर्वी पठार गोंडवाना भूमि का विस्तार है।
(d) सिंधु नदी द्वारा उत्तर-पूर्वी मैदान का निर्माण किया गया था।

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (d) : राजस्थान को चार भौतिक विभागों में बांटा जाता है– पश्चिमी मरुस्थल प्रदेश, अरावली पर्वतीय प्रदेश, पूर्वी मैदानी प्रदेश तथा दक्षिणी पूर्वी पठारी भाग। इसमें से पूर्वी मैदानी प्रदेश का निर्माण बनास, माही, चम्बल तथा बाणगंगा नदियों द्वारा किया गया है। पश्चिमी रेतीला मैदान टेथिस महासागर का अवशेष है। अरावली सबसे पुरानी श्रृंखला है। दक्षिणी-पूर्वी पठार गोंडवाना भूमि का विस्तार है।

106. राजस्थान के लिए कहावत अकाल से संबंधित है 'तीजो कुरियो, आठवों काल'। इसमें 'कुरियो' का क्या अर्थ है?

(a) पूर्ण अकाल (b) अर्द्ध अकाल
(c) त्रिकाल (d) पंचकाल

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : मरूस्थलीय मानसून के कारण पश्चिमी राजस्थान में बार-बार अकाल पड़ता है। जिसके कारण वहाँ पर अकाल को लेकर एक कहावत है-'तीजों कुरियो आठवें काल। इस कहावत में तीजों से ताप्तर्य हर तीसरे साल और कुरियो का अर्थ 'अर्द्ध अकाल होता है। राजस्थान का सबसे भीषण अकाल सन् 1899 में पड़ा था उस वर्ष विक्रम संवत 1956 होने के कारण उसे लोक भाषा छप्पनियाँ अकाल कहा गया, जो ब्रिटिश गजेटियर में 'द ग्रेट इंडियन फैमिन 1899' के नाम से कुख्यात हुआ।

107. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम में व्यस्थित करें–

(i) जैसलमेर (ii) पाली
(iii) अजमेर (iv) धौलपुर

कूट :

(a) (i),(ii),(iii),(iv) (b) (i), (iii), (ii),(iv)
(c) (iv), (iii),(ii),(i) (d) (iv), (ii),(iii),(i)

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : क्षेत्रफल के आधार पर देश का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। राजस्थान के कुल 33 जिलों में से उपरोक्त प्रश्न के जिलों को पूर्व से पश्चिम के क्रम में निम्नवत रखा जा सकता है। धौलपुर–अजमेर–पाली–जैसलमेर उपर्युक्त में धौलपुर सबसे पूर्वी तथा जैसलमेर सबसे पश्चिमी जिला पड़ेगा।

108. महान सीमा भ्रंश राजस्थान के किस भाग में मिलता है?

(a) दक्षिण–पूर्वी (b) दक्षिण–पश्चिमी
(c) उत्तर–पूर्वी (d) उत्तर–पश्चिमी

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : महान सीमा भ्रंश (GBF) राजस्थान के दक्षिण-पूर्व में स्थित 'दक्षिण–पूर्वी पठार' का एक हिस्सा है। यह राज्य के कोटा, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, बूंदी व सवाई माधोपुर जिलों में विस्तृत है। इसी प्रमुख क्षेत्र में अरावली पर्वत व विन्ध्य पर्वत का मिलन स्थल भी है।

109. राजस्थान में 'बृहत सीमान्त भ्रंश' फैला है, के सहारे –

(a) बूँदी - सवाई माधोपुर की पहाड़ियाँ
(b) उदयपुर की पहाड़ियाँ
(c) अलवर की पहाड़ियाँ
(d) शेखावाटी - टेरावाटी की पहाड़ियाँ

RPSC RAS/RTS 2013

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

110. अरावली तथा विन्ध्यन के मिलन-स्थल का भ्रंश कहलाता है-

(a) महान सीमा भ्रंश (b) मुख्य सीमा भ्रंश
(c) मुख्य मध्यवर्ती भ्रंश (d) दिल्ली भ्रंश

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।